भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4035**

25 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: किसानों के कल्याण के लिए योजनाएं**

**4035. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा देश भर में किसानों के कल्याण हेतु कितनी योजनाएं कार्यान्वित की गई हैं;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त योजनाओं के अंतर्गत किसानों को कुल कितनी राजसहायता प्रदान की गईल है; और

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त योजनाओं से लाभान्वित होने वाले दिल्ली के किसानों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

**(क) से (ग):** कृषि राज्य का विषय है। हालांकि, भारत सरकार देश में किसानों के कल्याण के लिए केंद्रीय क्षेत्र और केंद्र प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की एक व्यापक रेंज कार्यान्वित कर रही है। इन योजनाओं में क्रेडिट, बीमा, आय सहायता, इंफ्रास्ट्रक्चर, बागवानी सहित फसलें, बीज, मशीनीकरण, मार्केटिंग, जैविक और प्राकृतिक खेती, किसान समूह, सिंचाई, विस्तार, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से फसलों की खरीद, डिजिटल कृषि आदि सहित कृषि का संपूर्ण दायरा शामिल है। इन योजनाओं के नाम और देश में वर्ष 2019-2020 से वर्ष 2023-24 तक पिछले पांच वर्षों के दौरान इन योजनाओं के तहत जारी की गई धनराशि को **अनुबंध I** में दर्शाया गया है।

केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं से लाभान्वित हुए दिल्ली के किसानों का विवरण **अनुबंध II** में दर्शाया गया है।

**अनुबंध I**

## वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अंतर्गत जारी फंड का विवरण

*(रुपए करोड़ में)*

| क्र.सं. | मिशन/योजना का नाम | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|
| | | वास्तविक | वास्तविक | वास्तविक |
| I- **केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं/परियोजनाएं** | | | | |
| 1 | प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना-एनसीआईपी | 12639.22 | 17789.72 | 13549.24 |
| 2 | किसानों को अल्पावधि ऋण के लिए ब्याज सब्सिडी | 16218.74 | 14161.48 | 21476.93 |
| 3 | बाजार हस्तक्षेप योजना/मूल्य समर्थन योजना (एमआईएस/पीएसएस) का कार्यान्वयन | 2004.6 | 1357.91 | 2288.33 |
| 4 | प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) | 313.18 | 0 | 0 |
| 5 | कल्याणकारी योजनाओं के लिए राज्य/संघ शासित प्रदेशों को दलहन का वितरण | 733.9 | 537.49 | 50 |
| 6 | फसल अवशेषों के इन-सीटू प्रबंधन के लिए कृषि मशीनीकरण को बढ़ावा देना | 594.23 | 570.72 | 691.3 |
| 7 | प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) | 48713.84 | 60989.9 | 66825.11 |
| 8 | प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना | 125 | 110 | 39.5 |
| 9 | किसान उत्पादक संगठनों का गठन और संवर्धन | 0 | 240.83 | 427.04 |
| 10 | एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड | 0 | 21.87 | 21.43 |
| **II - केंद्र प्रायोजित योजनाएं** | | | | |
| 1 | प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-प्रति बूंद अधिक फसल (पीएमकेएसवाई) | 2700.04 | 2562.17 | 1796.12 |
| 2 | हरित क्रांति | | | |
| 2.1 | राष्ट्रीय कृषि विकास योजना | 3085.44 | 2561.25 | 1729.11 |
| 2.2 | **कृषोन्नति योजना** | | | |
| 2.2.1 | राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन | 1768.52 | 1675.23 | 995.17 |
| 2.2.2 | राष्ट्रीय जैविक खेती संवर्धन परियोजना | 0.44 | 0.89 | 0.26 |
| 2.2.3 | एनईएस क्षेत्र के लिए जैविक मूल्य श्रृंखला विकास | 103.8 | 137.17 | 133.29 |
| 2.2.4 | राष्ट्रीय सॉइल हेल्थ एंड फर्टिलिटी प्रबंधन परियोजना | 159.22 | 200.24 | 8.76 |
| 2.2.5 | राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (आरएडीपी और जलवायु परिवर्तन) | 186.92 | 128.44 | 76.83 |
| 2.2.6 | परंपरागत कृषि विकास योजना | 283.66 | 381.05 | 88.57 |
| 2.2.7 | राष्ट्रीय कृषि वानिकी परियोजना | 27.73 | 27.1 | 8.37 |
| 2.2.8 | एनबीएचएम सहित एकीकृत बागवानी विकास मिशन | 1331.28 | 1423.34 | 994.83 |
| 2.2.9 | बीज और रोपण सामग्री उप-मिशन | 283.63 | 256.62 | 141.05 |
| 2.2.10 | पौध संरक्षण एवं पौध संगरोध उप-मिशन | 30.29 | 34.32 | 25.33 |
| 2.2.11 | कृषि विस्तार उप-मिशन | 931.7 | 886.33 | 820.98 |
| 2.2.12 | सूचना प्रौद्योगिकी | 35.95 | 42.52 | 40.08 |
| 2.2.13 | कृषि मशीनीकरण उप-मिशन | 964.8 | 999.7 | 816.55 |
| 2.2.14 | एकीकृत कृषि संगणना एवं सांख्यिकी योजना | 200.49 | 307.18 | 267.11 |
| 2.2.15 | एकीकृत कृषि सहयोग योजना | 143.97 | 373.65 | 341.67 |
| 2.2.16 | एकीकृत कृषि विपणन योजना | 272.55 | 237.8 | 238.28 |
| 2.2.17 | राष्ट्रीय बांस मिशन | 84.51 | 75.21 | 20.59 |

वर्ष **2022-23** से **2023-24** तक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अंतर्गत जारी फंड का विवरण

***(रुपए करोड़ में)***

| क्र.सं. | मिशन/योजना का नाम^ | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|
| | | **वास्तविक** | **वास्तविक** |
| **I- केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं/परियोजनाएं** | | | |
| 1 | प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)-एनसीआईपी | 10296 | 12948.5 |
| 2 | संशोधित ब्याज छूट | 17997.9 | 14251.9 |
| 3 | बाजार हस्तक्षेप योजना/मूल्य समर्थन योजना (एमआईएस/पीएसएस) का कार्यान्वयन | 4007 | 0 |
| 4 | प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) | 0 | 2200.00* |
| 5 | कल्याणकारी योजनाओं के लिए राज्य/केन्द्र शासित प्रदेशों को दलहन का वितरण | 166.21* | 446.3 |
| 6 | प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) | 58253.8 | 61440.7 |
| 7 | प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना (पीएमकेएमवाई) | 12.5 | 100 |
| 8 | किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और संवर्धन | 124.19 | 428.86 |
| 9 | एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) | 147.12 | 5475.23** |
| 10 | राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन शहद मिशन (एनबीएचएम) | 0 | 22.50* |
| 11 | नमो ड्रोन दीदी | - | - |
| 12 | * कृषि उपज मूल्य श्रृंखला के लिए प्रासंगिक कृषि और ग्रामीण उद्यम हेतु स्टार्टअप को वित्तपोषित करने के लिए मिश्रित पूंजी सहायता | - | - |
| **II - केंद्र प्रायोजित योजनाएं** | | | |
| 1 | राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) | 5247.44 | 5760.93 |
| 2 | राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) | - | 30.19 |
| 3 | कृषोन्नति योजना (केवाई) | 4715.95 | 5736.22 |
| 4 | स्थापना और अन्य केंद्रीय क्षेत्र व्यय | 604.41 | 1442.24 |

* संशोधित अनुमान चरण में आवंटन में वृद्धि की गई।** *एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट फंड में अतिरिक्त अंतरण*

**अनुबंध II**

**केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं से लाभान्वित हुए दिल्ली के किसानों का विवरण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम - किसान)** (योजना की शुरुआत के बाद से लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या, और वितरित राशि) | लाभार्थियों की संख्या | (करोड़ रुपए में) |
| | | 17,521 | 48.67 |
| 2 | **प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम - केएमवाई)** (योजना की शुरुआत के बाद से नामांकित किसानों की संख्या)) | 354 | |
| 3 | **एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ)** (28.02.2025 के अनुसार) | दिल्ली राज्य के लिए एआईएफ के तहत 11 परियोजनाओं के लिए 14 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इन स्वीकृत परियोजनाओं के लिए कुल परियोजना लागत 28 करोड़ रुपये है। | |

*****